# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना मोहाना पुलिस, SSB ककरहवा व सीमा शुल्क इकाई ककरहवा की संयुक्त टीम द्वारा 18 अदद पासपोर्ट (16 अदद बांग्लादेशी पासपोर्ट व 02 अदद नेपाली पासपोर्ट) के साथ 01 नेपाली अभियुक्त को गिरफ्तार कर अन्तर्गत धारा-12 पासपोर्ट अधिनियम व धारा 336(3) 338 BNS मे माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश पर एवं श्री प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में व श्री विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में श्री जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष मोहाना के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 12.05.2026 को अपराध एवं अपराधियों व रोकथाम तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना मोहाना पुलिस , SSB ककरहवा व सीमा शुल्क इकाई ककरहवा की संयुक्त टीम द्वारा 18 अदद पासपोर्ट (16 अदद बांग्लादेशी पासपोर्ट व 02 अदद नेपाली पासपोर्ट )के साथ 01 नेपाली अभियुक्त को ककरहवा चेक पोस्ट पर चेकिंग के दौरान गिरफ्तार किया गया तथा अन्तर्गत धारा-12 पासपोर्ट अधिनियम व धारा 336(3) 338 BNS मे अग्रिम विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण -**

1.जलंधर धामी पुत्र रामपुकार धामी निवासी ग्राम हरिपुर 7 जिला सरलाई प्रदेश 2 राष्ट्र नेपाल।

**गिरफ्तारी करने वाली टीम** –

1.नि0 संजीव कुमार सीमा शुल्क इकाई ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।
2.उ0नि0 प्रदीप कुमार सिंह चौकी इंचार्ज ककरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
3.आरक्षी अनुराग तिवारी चौकी ककरहवा थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर।
4.उ0नि0सा0 पी0के0 गागटे SSB ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।
5.सहायक उ0नि0सा0 रविकांत यादव SSB ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।
6.आ.सा. रामु यादव SSB ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।
7.आ.सा.अनिमेश राव SSB ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।
8.आ.सा. विनोद कन्न एश SSB ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।
9.महिला आ.सा. राधा जायसवाल SSB ककरहवा जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा एक वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

डॉ0 अभिषेक कुमार महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा "अपराध की रोकथाम एंव वांछित/वारण्टियों की गिरफ्तारी" के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल निर्देशन मे व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में तथा हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर के नेतृत्व मे त्रिलोकपुर पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक 12.05.2026 को माननीय न्यायालय जे0एम0 द्वितीय बांसी सिद्धार्थनगर से प्राप्त एनबीडब्लू से संबंधित वाद वाद संख्या- 6290/24 धारा 115(2)/352/117(2) बीएनएस से सम्बन्धित वारण्टी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेजा गया।

**गिरफ्तार वारंटी का विवरण**

01.वीरू पुत्र पुजारी निवासी ग्राम बसन्तपुर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर उम्र करीब 21 वर्ष

**पुलिस टीम का विवरण**

01.उ0नि0 अमित कुमार शाही चौकी प्रभारी बिस्कोहर थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
02.आ0 अजय यादव थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।
03.रि0आ0 कृष्ण कुमार तृतीय थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा थाना खेसरहा का निरीक्षण किया गया तथा मालखाना, लॉकअप, मेस, थाना कार्यालय, बैरक एवं शौचालय तथा स्नानागार का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु थानाध्यक्ष खेसरहा को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।**

**◆निरीक्षण के दौरान व्यावहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई।**

आज दिनांक 12.05.2026 को शुबेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी बासी द्वारा थाना खेसरहा का निरीक्षण किया गया, सर्वप्रथम महोदय द्वारा मालखाना, शस्त्रागार, लाकअप, मेस, कार्यालय, बैरक एवं शौचालय तथा स्नानागार का निरीक्षण कर साफ-सफाई हेतु थानाध्यक्ष खेसरहा अनूप कुमार मिश्र को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस दौरान थाने के विभिन्न अभिलेखों का भी निरीक्षण गहनता से किया गया, सम्पूर्ण समाधान दिवस रजिस्टर, समाधान दिवस रजिस्टर, भूमि-भवन रजिस्टर एवं मालखाना रजिस्टर का निरीक्षण कर अपूर्ण अभिलेखों को तत्काल पूर्ण करने हेतु महोदय द्वारा निर्देशित किया गया। थाना परिसर की साफ-सफाई का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। आईजीआरएस सन्दर्भों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने के सम्बन्ध में दिशा-निर्देश भी दिये गये तथा वाहन चोरी, लूट, नकबजनी,चोरी, महिलाओं से होने वाली छेड़छाड़/अपराध की घटनाओं पर रोकथाम एवं सघन चेकिंग हेतु नियमित एवं रूटीन पैदल गश्त, वाहन चेकिंग, बैंक चेकिंग, संदिग्ध आदि की चेकिंग प्रभावी तरीके से थानाक्षेत्र में कराने एवं समय-समय पर चेकिंग करते रहने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान थाना खेसरहा पर व्यवहारिक प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों के साथ गोष्ठी की गई तथा उन्हें प्रशिक्षण के संबंध में भली भांति ब्रीफ किया गया तथा रिक्रूट आरक्षियों की आवासीय व्यवस्था का निरीक्षण किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना इटवा पुलिस की प्रभावी पैरवी से आयुध अधिनियम के आरोपी को 02 दिन के साधारण कारावास व ₹1,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे दिनांक 11.05.2026 को वाद सं0-2995/2007 मु0अ0सं0-212/2007 धारा 4/25 आयुध अधिनियम थाना इटवा में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री शिवेन्द्र शर्मा, अपर मुख्य न्यायाधीश जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्त पप्पू उर्फ ओमप्रकाश दुबे पुत्र रामचन्दर दुबे निवासी पिपरा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर को दो दिन के साधारण कारावास व ₹1000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अभियोजक जयहिन्द त्रिपाठी तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी अवधेश पाण्डेय थाना इटवा का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆"आपरेशन कन्विक्शन" के तहत जिला मानिटरिंग सेल व थाना डुमरियागंज पुलिस की प्रभावी पैरवी से गैर इरादतन हत्या के 03 आरोपियों को 05 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को ₹15,000-15,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया।**

पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा चलाये जा रहे "आपरेशन कन्विक्शन" के तहत डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अपराधियों के विरूद्ध प्रभावी पैरवी कराकर सजा दिलाने के क्रम मे आज दिनांक 12.05.2026 को वाद सं0-325/2022 मु0अ0सं0-52/2022 धारा 304/34, 325/34, 323/34, 504,506 भादवि थाना डुमरियागंज में पुलिस की प्रभावी पैरवी पर माननीय न्यायाधीश श्री मोहम्मद रफी, अपर जिला एंव सत्र न्यायाधीश कक्ष संख्या-01 जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित अभियुक्तगण 01.मोकीम पुत्र अब्दुल रशीद 02.आमिर पुत्र अख्तर 03.शारजहां पत्नी अब्दुल रशीद निवासीगण तरैना थाना डुमरियागंज जनपद सिद्धार्थनगर को 05 वर्ष के कठोर कारावास व प्रत्येक को ₹15,000-15,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया। सजा कराये जाने में जिला मानिटरिंग सेल, अपर जिला शासकीय अधिवक्ता चन्द्र प्रकाश पाण्डेय तथा न्यायालय पैरोकार आरक्षी राजू थाना डुमरियागंज का सराहनीय योगदान रहा।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण के तहत थाना क्षेत्र के ग्राम बघनी घाट एवं विद्या पब्लिक स्कूल पथरा बाजार में बालिकाओं/महिलाओं/बच्चियों को महिला संबंधी अपराध व बच्चो को गुड व बैड टच के बारे में जानकारी दी गयी।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12.05.2026 थाना अध्यक्ष ओमप्रकाश मिश्र थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर के निर्देशन मे थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम बघनी घाट एवं विद्या पब्लिक स्कूल पथरा बाजार में बालिकाओं/महिलाओं/बच्चियों को महिला संबंधी अपराध व बच्चो को गुड व बैड टच के बारे में जानकारी दी गयी तथा महिलाओं को खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज  करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज 5.0 के विषय मे महिलाओं को  महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन- 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, एवं नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

**मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर--**

01.उ0नि0 जितेंद्र आर्या

02.का0 सुदामा यादव

03.म0 आ0 ममता मिश्रा

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा एस0एस0बी0, कस्टम के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में नेपाल बार्डर से हो रही विभिन्न प्रकार की तस्करी के प्रभावी रोकथाम हेतु बैठक किया गया।**

**◆संबन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 12.05.2026 को जिलाधिकारी व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा एस0एस0बी0, कस्टम के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में नेपाल बार्डर पर हो रही विभिन्न प्रकार की तस्करी के प्रभावी रोकथाम हेतु बैठक किया गया। बैठक के दौरान मादक पादर्थो व विभिन्न प्रकार की तस्करी के तरीकों के सम्बन्ध मे अभिसूचनाओं के आदान-प्रदान, अवैध कारोबार में संलिप्त लोगों का व्यपवर्तन तथा प्रतिबन्धित दवाओं का दुरुपयोग एवं तस्करी तथा नशामुक्ति के सम्बन्ध में आमजन को जागरुक करने, बार्डर पर गश्त/चेकिंग इत्यादि बिन्दुओं पर चर्चा की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ तथा बार्डर के थानो के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष सहित विभिन्न विभागो के अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहें।

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष मे अभियोजन कार्यो, महिला अपराधो के संबंध मे गोष्ठी की गयी।**

आज दिनांक 12.05.2026 को जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर शिवशरणप्पा जीएन व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष मे अभियोजन के कार्यों के संबंध मे गोष्ठी कर जनपद मे महिला अपराध, पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोगों तथा टॉप-10 अपराधियों को सजा दिलाने व न्यायालय मे लम्बित वादो के निस्तारण के सम्बन्ध मे गोष्ठी कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆आगामी त्यौहार व थानाक्षेत्र में शान्ति-व्यवस्था बनाये रखने हेतु थानाध्यक्ष पथरा बाजार द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम प्रधान व संभ्रांत व्यक्ति तथा धर्म गुरुओं के साथ थाना परिसर में पीस कमेटी की गोष्ठी की गयी।**

डॉ अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण में व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल निर्देशन व थानाध्यक्ष श्री ओम प्रकाश मिश्र द्वारा आज दिनांक 12.05.2026 को थाना स्थानीय पर आगामी बकरीद के दृष्टिगत पीस कमेटी की मीटिंग आयोजित की गई तथा त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु थाना क्षेत्र के भिन्न-भिन्न ग्रामों के ग्राम प्रधान, धर्मगुरु, संभ्रांत व्यक्तियों, मौलवियों से त्यौहार को शान्तिपूर्ण, सौहार्दपूर्वक,त्यौहार को मनाये जाने की अपील की गयी। बैठक में मौजूद सभी से त्यौहार के दृष्टिगत शासन द्वारा / उच्चाधिकारीगण द्वारा प्राप्त गाइडलाइन से अवगत कराया गया। सभी सदस्यों को उनके जिम्मेदारियों से अवगत कराया गया। शान्ति व्यवस्था को मुख्य रुप से विषयवस्तु बनाकर विस्तृत चर्चा किया गया तथा आदेश–निर्देश से अवगत कराया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष मे सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में मीटिंग की गयी तथा सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।**

आज दिनांक 12.05.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिलाधिकारी सिद्धार्थनगर व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर की संयुक्त अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार, ओवरस्पीडिंग, शराब पीकर वाहन चलाने, बिना हेलमेट/सीटबेल्ट के वाहन चलाने तथा अवैध वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी महोदय ने पीडब्ल्यूडी, एनएचएआई व परिवहन विभाग को क्षतिग्रस्त सड़कों व अवरोधकों को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्कूलों, चौराहों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर विशेष चेकिंग अभियान चलाने तथा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने हेतु अभियान चलाने को कहा। साथ ही एम्बुलेंस की त्वरित उपलब्धता, घायलों को गोल्डन ऑवर में अस्पताल पहुंचाने । बैठक में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम धोबहा की महिलाओं/बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना उसका बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम धोबहा की महिलाओं/बालिकाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना उसका बाजार जनपद सिद्धार्थनगर-**

1.हेड कांस्टेबल अनिल चौहान

2म0का0 कालिंदी यादव

3.म0क0 ज्योति शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अवधापुर की महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में आज दिनांक 12/05/2026 को थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अवधापुर की महिलाओं को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना ढेबरुआ मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल बैरिहवा की बालिकाओं को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा इत्यादि के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी शोहरतगढ़ मयंक द्विवेदी तथा प्रभारी निरीक्षक दुर्गा प्रसाद के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत थानाक्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल बैरिहवा की बालिकाओ को सरकार द्वारा चलाये गए अभियान के सम्बन्ध में मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल, निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना शिवनगर डिड़ई मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय की छात्र/छात्राओ को मिशन शक्ति अभियान, नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा व एंटी रोमियो अभियान के तहत जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेंदु सिंह के पर्यवेक्षण तथा थाना प्रभारी बृजेश सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम प्राथमिक विद्यालय कटवंध की छात्र/छात्राओ को सरकार द्वारा चलाई जा रही महिला सम्बन्धित विभिन्न सरकारी योजनाओं- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओ से अवगत कराया गया। मिशन शक्ति फेज 05 (द्वितीय चरण) कार्यक्रम, महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना शिवनगर डिड़ई जनपद सिद्धार्थनगर-**

01.उ0नि0 अयोध्या यादव

02.म0का0 नीलम शुक्ला

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के क्रम में थाना भवानीगंज मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम हिसामुद्दीन की महिलाओं को नये कानून, साइबर अपराध सुरक्षा, कल्याणकारी योजनाओं व विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरो के बारे में जागरूक किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 12.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज श्री बृजेश कुमार वर्मा तथा थानाध्यक्ष विजय शंकर सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम तहत ग्राम हिसामुद्दीन में मिशन शक्ति अभियान 5.0 द्वितीय चरण के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष,नारी शक्ति वंदन अधिनियम,मातृ शक्ति को सम्बल,निराश्रित महिला पेंशन योजना,मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि विभिन्न सरकारी योजनाओं से अवगत कराया गया तथा महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों-112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1076 माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन,1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 101अग्निशमन सेवा आदि के बारे में जागरूक किया गया।

**मिशन शक्ति टीम थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर-**

01\. उ0नि0 नंदलाल यादव
02.का0 रमेश सिंह
03.का0 अनिल यादव
04.म0का0 किरन यादव

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆क्षेत्राधिकारी बांसी द्वारा सर्किल बांसी के सभी थानों पर गठित सीसी टीम के साथ गोष्ठी कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।**

आज दिनांक 12.05.2026 को सुबेन्दु सिंह, क्षेत्राधिकारी बांसी जनपद सिद्धार्थनगर द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय पर सर्किल बांसी के समस्त थाना कोतवाली बांसी, जोगिया उदयपुर, खेसरहा व शिवनगर डिड़ई पर गठित सीसी टीम के प्रभारी मय सहकर्मी के साथ गोष्ठी की गयी। जिसमें थाना क्षेत्र में होने वाले सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियानों के दृष्टिगत विस्तृत चर्चा तथा उच्चाधिकारीगण द्वारा दिये गये निर्देशों का शत् प्रतिशत अनुपालन करते हुए प्रभावी चेकिंग कर आवश्यक कार्यवाही किये जाने हेतु ब्रीफ किया गया है साथ ही थाना क्षेत्र में सड़क दुर्घटना के रोकथाम हेतु निरन्तर सजगता और सतर्कतापूर्वक कार्य करने हेतु भली भांति अवगत कराया गया। जिससे क्षेत्र में सड़क दुर्घटना पर अंकुश लगाया जा सके।

## प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने संदिग्ध व्यक्ति/वस्तु दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट/ चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर की गयी प्रवर्तन की कार्यवाही।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुपालन के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में, आज दिनांक 12.05.2026 को जनपदीय पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर संदिग्ध व्यक्ति /वस्तु दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/बिना हेलमेट/चार पहिया वाहनों मे सीट बेल्ट का प्रयोग न करना, सड़कों के किनारे अवैध रूप से खड़े-खड़े वाहनों जिसे दुर्घटना के प्रबल संभावना को प्रत्येक दशा में यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

# प्रेस नोट दिनांक 12.05.2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

**◆जनपदीय पुलिस द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रो में फ्लैग मार्च/पैदल गस्त किया गया।**

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में आज दिनांक 12.05.2026 को प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष द्वारा आगामी त्यौहार व जनपद में शांति व्यवस्था, सतर्कता एवं सुरक्षा को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पड़ने वाले चिह्नित हॉट स्पाट पर एवं उसके आस-पास के क्षेत्रों में फ्लैग मार्च/पैदल गश्त किया जा रहा है तथा आम जनमानस मे सुरक्षा का एहसास कराते हुये आपस में सौहार्द बनाये रखने हेतु अपील की गयी।